चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 882
दिनांक : 6-8-22

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा नई शिक्षा नीति (N.E.P.-2020) के अन्तर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम) के प्रथम सेमेस्टर की सतत् आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के जो अंक अपलोड किये गये हैं, उनके द्वारा या तो महाविद्यालय / संस्थान में उक्त पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् सभी छात्र / छात्राओं के अंक अपलोड नहीं किये गये हैं अथवा किसी भी छात्र / छात्रा के अंक अपलोड नहीं किये गये हैं अथवा निर्धारित पूर्णांक में नहीं किये गये हैं। ऐसे महाविद्यालयों / संस्थानों की सूची इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न है।

एन0ई0पी0 के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों के अंक अपलोड किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1723, दिनांक 30.12.2021, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 261, दिनांक 05.04.2022, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 322, दिनांक 20.04.2022, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / 465, दिनांक 11.05.2022 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 685, दिनांक 04.07.2022 जारी की जा चुकी हैं किन्तु सतत् आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड न होने से प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। यह अत्यन्त ही खेद का विषय है जिस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि **नई शिक्षा नीति (N.E.P.-2020) के अन्तर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम) के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 16.08.2022 से प्रस्तावित हैं। नई शिक्षा नीति (N.E.P.-2020) के अध्यादेश के अनुसार सतत् आन्तरिक मूल्यांकन के अंक सैद्धान्तिक परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 दिवस पूर्व अपलोड हो जाने चाहिये। यदि किसी महाविद्यालय / संस्थान द्वारा समय से अंक अपलोड नहीं किये जाते हैं तो उनके प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं कराये जायेंगे।** इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान का होगा।

अतः ऐसे महाविद्यालय / संस्थान जिनके द्वारा **प्रथम सेमेस्टर के सतत् आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के महाविद्यालय / संस्थान में उक्त पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् सभी छात्र / छात्राओं के अंक अपलोड नहीं किये गये हैं अथवा किसी भी छात्र / छात्रा के अंक अपलोड नहीं किये गये हैं अथवा निर्धारित पूर्णांक में नहीं किये गये हैं। उन महाविद्यालयों / संस्थानों से अनुरोध है कि द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अंक अपलोड करते हुए अंकपर्णो की दो प्रतियाँ गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें** ताकि एन0ई0पी0 के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व घोषित किया जा सके।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेब साईट / कम्प्यूटर सेल / परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. आउट सोर्स कम्पनी (मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी / सहा0 कार्यालय अधीक्षक व्या0पाठ्य0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)